मुक्त चिंतन News Letter

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

01 जून, 2019

U P RAJARSHI TANDON OPEN UNIVERSITY

Sector - F, Shantipuram, Phaphamau, Prayagraj - 211021

ICSSR Sponsored National Seminar

on

OPEN AND DISTANCE LEARNING : SIGNIFICANCE, CHALLENGES AND POTENTIALITIES

01 & 02 June, 2019

Organized By :

School of Education

Venue

Tilak Shastrarth Sabhagar

Sarswati Parisar (Academic Campus)

U P Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj (U.P.)-211021

मुविवि में दूरस्थ शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

दिनांक 01 जून, 2019 को उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित की गयी। राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव जी रहे। मुख्य वक्ता श्री शिव कुमार, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती, नई दिल्ली रहे। सारस्वत अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा, आचार्य, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली रहे एवं अध्यक्षता विश्वविद्यालय मा0कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने की।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन डॉ0 मीरा पाल ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रो0 पी0के0 पाण्डेय ने एवं विषय प्रवर्तन आयोजन सचिव डॉ0 दिनेश सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डा. अरूण कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति यादव एवं अन्य अतिथियों ने इस अवसर पर ई–सोविनियर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रो0 ओम जी गुप्ता, प्रो0 पी0पी0 दुबे, प्रो0 आर0पी0एस0 यादव, प्रो0 जी0एस0 शुक्ल, प्रो0 आशुतोष गुप्त, प्रो0 सुधान्शु त्रिपाठी, डा0 टी0एन0 दुबे, प्रो0 एस0पी0 गुप्ता, प्रो0 धनंजय यादव, डॉ0 आर0बी0 सिंह, डॉ0 रेखा त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार का समापन रविवार को अपरान्ह 3 बजे होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. वंश गोपाल सिंह, कुलपति, पं.सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, विलासपुर होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह करेंगे।

ई–सोविनियर का विमोचन का विमोचन करते हुए माननीय अतिथिगण।

कार्यक्रम का संचालन करती हुई डॉ0 मीरा पाल एवं मंचासीन माननीय अतिथि।

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, अधिकारी एवं प्रतिभागीगण।

कार्यक्रम में सरस्वती वन्दना प्रस्तुत करती हुई छात्रायें।

माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षक।

कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, अधिकारी एवं प्रतिभागीगण।

माननीय अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो० पी०के० पाण्डेय ।

ई–सोविनियर का विमोचन का विमोचन करते हुए माननीय अतिथिगण।

विषय प्रवर्तन करते हुए आयोजन सचिव डॉ० दिनेश सिंह

श्री शिव कुमार

शिक्षा में नैतिकता और मूल्य चिंतन का समावेश हो– शिवकुमार

दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर व्याख्यान देते हुये मुख्यवक्ता श्री शिव कुमार, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती, नई दिल्ली ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में जहां शिक्षार्थी का शिक्षक से नियमित सम्पर्क बहुत कम होता है वहां किसी भी प्रकार की बाधा को दूर करने के लिये विशिष्ट शैली में निर्मित पाठ्यसामग्री और परामर्श सत्रों की उपयोगिता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में आज शिक्षा तकनीकी के विवेकपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता है। शिक्षा में नैतिकता और मूल्य चिंतन का समावेश मानव संसाधन विकास के लिये अपरिहार्य है। उन्होने दूरस्थ शिक्षा के चार सुविचारित आयामों विद्यार्थी, विषयवस्तु, पद्धति एवं शिक्षक पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने भगिनी निवेदिता के शैक्षिक विचारों के आलोक में यह प्रतिपादित किया कि शिक्षा लौकिक व्यवहार और शिष्टाचार भी सिखाती है और परम विमुक्ति की ओर ले जाने का साधन भी बनाती है।

प्रो. कौशल किशोर शर्मा

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा में अनेक संभावनाएं हैं– प्रो0 शर्मा

सारस्वत अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा, आचार्य, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली व सदस्य सचिव, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने कहा कि स्कूली शिक्षा की नींव हमारे यहां बहुत कमजोर है जिसे मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। इसे प्राथमिक और माध्यमिक स्तर से ही सही करने की आवश्यकता है। दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा में अनेक संभावनाएं हैं और साथ–2 अनेक चुनौतियां भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वस्तुतः एक अनवरत प्रक्रिया है जो सतत गतिमान रहती है। सतत विकास की अवधारणा अत्यन्त मूल्यवान है। प्रो0 शर्मा ने कहा कि आज भारतवर्ष में हर व्यक्ति का सतत विकास की ओर बढ़ना जरूरी है। इसी से उसका चतुर्मुखी विकास और उसके स्वाभिमान की रक्षा हो सकती है। उन्होंने द्रोणाचार्य और एकलव्य का उदाहरण देते हुये बताया कि भारत में प्राचीन काल से शिक्षा के अनेक ऐसे रूप प्रचलित रहे है जिन्होंने वंचित वर्गों को भी अपने परिपूर्ण विकास के योग्य बनाया है। हमें उन अच्छाईयों को ढूंढना चाहिये और उन्हें दूरस्थ शिक्षा की नीतियों में सम्मिलित करना चाहिये।

माननीय न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव

शिक्षा में पारलौकिक शिक्षा का समावेश जरूरी– न्यायमूर्ति यादव

दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव ने कहा कि लौकिक शिक्षा के साथ साथ पारलौकिक शिक्षा का समावेश शिक्षा में बहुत जरूरी है। इसी से सर्वांगीण विकास की अवधारणा को पूरा किया जाना संभव है। ज्ञान प्राप्ति के लिये शिक्षार्थी में एकाग्रता का होना आवश्यक है। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी सम्पर्क कक्षाओं के माध्यम से अपने विषय के ज्ञान में वृद्धि कर सकता है। उन्होंने शिक्षा के पाठ्यक्रम में 'ध्यान' को व्यक्तित्व विकास एवं मन की शान्ति के लिए जरूरी बताया। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि अगर अपने को जानना है तो पराविद्या का आश्रय लेना होगा। सर्वांगीण विकास के लिये ज्ञान के साथ–साथ मनुष्य का आध्यात्मिक विकास भी होना चाहिये।

मुख्यवक्ता श्री शिव कुमार जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए
मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत
करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

सारस्वत अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए शिक्षा विद्याशाखा के प्रभारी निदेशक प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय एवं डॉ0 दिनेश सिंह।

प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

शिक्षा का अंतिम उद्देश्य शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास करना है– प्रो0 सिंह

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि आज के जीवन में सिद्धान्त का स्थान स्वार्थ और आदर्श का स्थान अवसर लेते जा रहे हैं ऐसे में शिक्षा का अंतिम उद्देश्य शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास करना है जो शिक्षा के सभी आयामों की सम्पूर्णता से ही संभव है। प्रो0 सिंह ने कहा कि भारत प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता वाला देश है। यहां आज आदर्श व्यक्तियों के निर्माण की महती आवश्यकता है, शिक्षा जगत के लिये यह एक बड़ी चुनौती है।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्त।

प्रथम तकनीकि सत्र

प्रथम तकनीकि सत्र के मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्याशाखा के पूर्व निदेशक, प्रो0 एस0पी0 गुप्ता को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करते हुए प्रथम तकनीकि सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक, प्रो0 ओमजी गुप्ता एवं प्रो0 ओमजी गुप्ता को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करती हुई डॉ0 नीता मिश्रा।

प्रो0 एस.पी. गुप्ता

प्रो0 एस.पी. गुप्ता ने कहा कि हमारे मन में शिक्षक–शिक्षार्थी सम्पर्क का जो परम्परागत ढांचा विद्यमान है, उसे बदलने की जरुरत है, तभी हम दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा पद्धति के संदर्भ में सही ढंग से विचार और कार्य कर सकते हैं। भारत एक विशाल जनसंख्या वाला देश है यहा उच्च शिक्षा की बढ़ती हुई मांग को दूरस्थ व मुक्त शिक्षा द्वारा ही प्रभावी एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा किया जा सकता है।

प्रयागराज, रविवार, 2 जून, 2019

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

चैंपियन हालेप प्री क्वार्टर में -13

अभ्यास के साथ मौज-मस्ती में जुटी टीम इंडिया - 13

www.jansandeshtimes.net

प्रयागराज, रविवार, 2 जून, 2019

प्रयागराज

शिक्षा में पारलौकिक शिक्षा का समावेश जरूरी : न्यायमूर्ति यादव

ई-सोविनियर का विमोचन करते मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति यादव एवं अन्य अतिथिगण

प्रयागराज। लौकिक शिक्षा के साथ साथ पारलौकिक शिक्षा का समावेश शिक्षा में बहुत जरूरी है। इसी से सर्वांगीण विकास की अवधारणा को पूरा किया जाना संभव है। ज्ञान प्राप्ति के लिये शिक्षार्थी में एकाग्रता का होना आवश्यक है। उक्त उद्गार न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव ने उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी सम्पर्क कक्षाओं के माध्यम से अपने विषय के ज्ञान में वृद्धि कर सकता है। उन्होंने शिक्षा के पाठ्यक्रम में ध्यान को व्यक्तित्व विकास एवं मन की शान्ति के लिए जरूरी बताया। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि अगर अपने को जानना है तो पराविद्या का आश्रय लेना होगा। सर्वांगीण विकास के लिये ज्ञान के साथ-साथ मनुष्य का आध्यात्मिक विकास भी होना चाहिये।

शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में शनिवार को लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता विषय पर व्याख्यान देते हुये मुख्यवक्ता शिव कुमार, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती, नई दिल्ली ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में जहां शिक्षार्थी का शिक्षक से नियमित सम्पर्क बहुत कम होता है वहां किसी भी प्रकार की बाधा को दूर करने के लिये विशिष्ट शैली में निर्मित पाठ्यसामग्री और परामर्श सत्रों की उपयोगिता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में आज शिक्षा तकनीकी के विवेकपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता है। शिक्षा में नैतिकता और मूल्य चिंतन का समावेश मानव संसाधन विकास के लिये अपरिहार्य है। उन्होने दूरस्थ शिक्षा के चार सुविचारित आयामों विद्यार्थी, विषयवस्तु, पद्धति एवं शिक्षक पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने भगिनी निवेदिता के शैक्षिक विचारों के आलोक में यह प्रतिपादित किया कि शिक्षा लौकिक व्यवहार और शिष्टाचार भी सिखाती है और परम विमुक्ति की ओर ले जाने का साधन भी बनाती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि आज के जीवन में सिद्धान्त का स्थान स्वार्थ और आदर्श का स्थान अवसर लेते जा रहे हैं ऐसे में शिक्षा का अंतिम उद्देश्य शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास करना है जो शिक्षा के सभी आयामों की सम्पूर्णता से ही संभव है। प्रो0 सिंह ने कहा कि भारत प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता वाला देश है। यहां आज आदर्श व्यक्तियों के निर्माण की महती आवश्यकता है, शिक्षा जगत के लिये यह एक बड़ी चुनौती है। सारस्वत अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा, आचार्य, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली व सदस्य सचिव, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने कहा कि स्कूली शिक्षा की नींव हमारे यहां बहुत कमजोर है जिसे मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। इसे प्राथमिक और माध्यमिक स्तर से ही सही करने की आवश्यकता है। दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा में अनेक संभावनाएं हैं और साथ-2 अनेक चुनौतियां भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वस्तुतः एक अनवरत प्रक्रिया है जो सतत गतिमान रहती है। सतत विकास की अवधारणा अत्यन्त मूल्यवान है। प्रो0 शर्मा ने कहा कि आज भारतवर्ष में हर व्यक्ति का सतत विकास की ओर बढ़ना जरूरी है। इसी से उसका चतुर्मुखी विकास और उसके स्वाभिमान की रक्षा हो सकती है। उन्होंने द्रोणाचार्य और एकलव्य का उदाहरण देते हुये बताया कि भारत में प्राचीन काल से शिक्षा के अनेक ऐसे रूप प्रचलित रहे है जिन्होंने वंचित वर्गों को भी अपने परिपूर्ण विकास के योग्य बनाया है। हमें उन अच्छाईयों को ढूंढना चाहिये और उन्हें दूरस्थ शिक्षा की नीतियों में सम्मिलित करना चाहिये।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन डॉ0 मीरा पाल ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रो0 पी0के0 पाण्डेय ने एवं विषय प्रवर्तन आयोजन सचिव डॉ0 दिनेश सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डा. अरूण कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति यादव एवं अन्य अतिथियों ने इस अवसर पर ई-सोविनियर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रो0 ओम जी गुप्ता, प्रो0 पी0पी0 दुबे, प्रो0 आर0पी0एस0 यादव, प्रो0 जी0एस0 शुक्ल, प्रो0 आशुतोष गुप्त आदि रहे।

रविवासरीय

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

पर्यावरण के साथ विकास

पेट्रोल-डीजल के दाम में कमी आएगी पेज 15 । बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की कड़ी परीक्षा पेज 16

रविवार, 02 जून 2019, प्रयागराज, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण www.livehindustan.com

ज्ञान प्राप्ति को एकाग्रता जरूरीः न्यायमूर्ति

प्रयागराज। ज्ञान प्राप्ति के लिए शिक्षार्थी में एकाग्रता का होना आवश्यक है। दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी सम्पर्क कक्षाओं के माध्यम से अपने विषय के ज्ञान में वृद्धि कर सकता है। 'ध्यान' व्यक्तित्व विकास एवं मन की शान्ति के लिए जरूरी है। यह बातें न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव ने कही। वे शनिवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि में आयोजित दो दिनी राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे।

आज का विचार

अपने उसूलों के लिए मैं स्वयं तो मरने तक को भी तैयार रहता हूं, लेकिन किसी को मारने के लिए हरगिज नहीं।

-महात्मा गांधी

अयोध्या | रविवार | 02 जून, 2019

ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष 14 संवत् 2076

वर्ष : 61 | अंक : 173 | पृष्ठ : 12

आर.एन.आई.पंजी.सं.4791/58

डा.पं.एल.डब्ल्यू./एन.पी.-247

अयोध्या, लखनऊ एवं बरेली से प्रकाशित

जनमोर्चा

www.janmorcha.in | सहकारिता के आधार पर संचालित | देश का सर्वप्रमुख हिन्दी दैनिक | www.facebook.com/janmorcha

कारोबार: सोना 32005, चांदी 36347 | सेंसेक्स 39714, निफ्टी 11922

इनसाइड न्यूज

अयोध्या आसपास @Page 5
किसान वैज्ञानिकों से सीधे कर सकेंगे बात: शाही

खेल खिलाड़ी @Page 9
कीवियों के सामने चित हुए श्रीलंकाई शेर, 10 विकेट से जीता न्यूजीलैंड

राजर्षि टण्डन मुक्त विवि की परीक्षाएं 4 से

फैजाबाद (अयोध्या)। उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विवि की जून सत्र-2018 की परीक्षाएं 4 जून से प्रारम्भ हो रही हैं। विवि ने अयोध्या क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के छात्र-छात्राओं के लिए 12 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। इन सभी परीक्षा केन्द्रों पर 6 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षायें दो पालियों प्रातः 8-11 एवं दोपहर 2-5 बजे के बीच संपन्न होंगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र एवं परीक्षा समय सारणी विवि की वेबसाइट डब्लू.डब्लू.डब्लू. डाट यूपीआरटीओयू डाट एसी डाट इन से डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न होंगी। अयोध्या जनपद के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों का परीक्षा केन्द्र बीएनएस गर्ल्स डिग्री कालेज जनौरा बाईपास परिक्रमा मार्ग को बनाया गया है। परीक्षार्थी किसी भी समस्या के समाधान के लिए 7525048015 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयक डॉ.शशिभूषण राम त्रिपाठी ने एक विज्ञप्ति में दी।

राजर्षि टण्डन मुक्त विवि की परीक्षाएं चार जून से

अयोध्या। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं चार जून से प्रारम्भ हो रही हैं। विश्वविद्यालय ने अयोध्या क्षेत्रीय केन्द्र के अलग-अलग अध्ययन केन्द्रों के छात्र-छात्राओं के लिए 12 परीक्षा केन्द्र बनाये हैं।

इन सभी परीक्षा केन्द्रों पर छह हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षायें दो पालियों प्रातः आठ बजे से 11 बजे तक एवं दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होंगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र एवं परीक्षा समय सारिणी विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षाएं सीसीटीवी की गिरानी में होंगी।

अयोध्या जनपद के तहत आने वाले अध्ययन केन्द्र का परीक्षा केन्द्र बीएनएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जनौरा को बनाया गया है। परीक्षार्थी किसी भी समस्या के समाधान के लिए 7525048015 पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह जानकारी राजर्षि टण्डन मुक्त विवि के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ.शशि भूषण त्रिपाठी ने दी।

मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

02 जून, 2019

मुख्य अतिथि प्रो. बंश गोपाल सिंह जी को अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।

मुविवि में दूरस्थ शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

दिनांक 02 जून, 2019 को उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. बंश गोपाल सिंह, कुलपति, पं.सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ रहे एवं अध्यक्षता विश्वविद्यालय मा0कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने की।

इससे पूर्व डॉ0 नीता मिश्रा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी के संयोजक प्रो0 पी0के0 पाण्डेय ने किया। संचालन डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्त ने किया। अन्य तकनीकी सत्रों में प्रो0 एस0पी0 गुप्ता, प्रो0 धनन्जय यादव, प्रो0 पी0पी0 दुबे, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, डॉ0 आर0बी0 सिंह, प्रो0 नागेन्द्र यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

प्रो. बंश गोपाल सिंह

शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो शिक्षण सामग्री– प्रो0 बंशगोपाल

समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. बंश गोपाल सिंह, कुलपति, पं.सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने कहा कि शिक्षार्थियों के ज्ञान को व्यावहारिक जीवन की आवश्यकताओं से जोडे जाने की जरूरत है। इसके लिये सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से साहचर्य वाला पाठ्यक्रम शामिल करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि परम्परागत शिक्षा संस्थानों पर आज बहुत दबाव है। इण्टरमीडिएट के बाद ड्रॉपआउट दर बहुत ज्यादा है, ऐसे शिक्षार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा माध्यम एक बड़ा कार्य कर रहा है। प्रो0 सिंह ने कहा कि आज जो नये विकास ज्ञान और कौशल के क्षेत्र में हो रहे हैं उनके शिक्षण और प्रशिक्षण की व्यवस्था करना मुक्त विश्वविद्यालय के कार्य हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति से जुड़कर कामकाजी महिलायें, सेवानिवृत्त जिज्ञासु तथा नौकरी कर रहे लोग भी अपने ज्ञान का विकास का सकते हैं। समय की गति को देखते हुये शिक्षार्थी की आवश्यकता के अनुसार शिक्षण सामग्री तैयार कराना दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा क्षेत्र की एक बहुत बड़ी चुनौती है। आज 35 लाख से अधिक विद्यार्थी दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे है जो कि 11 प्रतिशत जनसंख्या कवर कर रहे हैं, लेकिन यह अभी सीमित दायरे में है इसे अभी हमको और अधिक आगे बढ़ाना है।

दूरस्थ व मुक्त शिक्षा एक सार्थक विकल्प –प्रो0 कामेश्वर

अध्यक्षीय उद्‌बोधन करते हुए कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि 21वीं शताब्दी की इस दूसरी दहलीज के अन्तिम शिखर पर खड़ा मानव एक विचित्र संकट को झेल रहा है एक ओर जहां जनसंख्या विस्फोट है वहीं दूसरी ओर संसाधनों की कमी है। एक तरफ लोगों की बढ़ती हुई आकांक्षाएं हैं तो दूसरी ओर उच्च शिक्षा में नामांकन दर मात्र 25.3 प्रतिशत है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 2030 तक इसे 51 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है यह एक बड़ी चुनौती है। वर्तमान परम्परागत विश्वविद्यालय इस लक्ष्य को पूरा नही कर सकते ऐसे में निश्चय ही दूरस्थ व मुक्त शिक्षा निःसन्देह एक सार्थक विकल्प है। प्रो0 सिंह ने कहा कि इतने बड़े प्रदेश के हर जिले और गांव तक अभिगम्यता स्थापित करना हमारे लिये एक चुनौती है। हमें अपनी क्षमता दक्षता और कुशलता के आधार पर सीमित संसाधनों में ही अच्छा कार्य करके दिखाना होगा। हमारा लक्ष्य हर स्थिति में मानव संसाधन का परिपूर्णतम विकास करना है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र और आवश्यकता के अनुसार पाठयक्रम निर्माण परिवर्तन और परिवर्द्धन दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा का एक सकारात्मक पक्ष है जो सतत शिक्षा के क्षेत्र में इसे उपयोगी बनाता है।

प्रयागराज, सोमवार, 3 जून, 2019

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

विराट के अंगूठे में लगी चोट - 13

जैसे को तैसा की नीति कारगर नहीं : उमर - 15

www.jansandeshtimes.net

शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो शिक्षण सामग्री : प्रो0 बंशगोपाल

दूरस्थ व मुक्त शिक्षा एक सार्थक विकल्प -प्रो0 कामेश्वर

मु.वि.वि. में दूरस्थ शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

प्रयागराज। उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में रविवार को लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ह्यमुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकताह्ल का समापन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. बंश गोपाल सिंह, कुलपति, पं.सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने कहा कि शिक्षार्थियों के ज्ञान को व्यावहारिक जीवन की आवश्यकताओं से जोड़े जाने की जरूरत है। इसके लिये सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से साहचर्य वाला पाठ्यक्रम शामिल करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि परम्परागत शिक्षा संस्थानों पर आज बहुत दबाव है। इण्टरमीडिएट के बाद ड्रॉपआउट दर बहुत ज्यादा है, ऐसे शिक्षार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा माध्यम एक बड़ा कार्य कर रहा है। प्रो0 सिंह ने कहा कि आज जो नये विकास ज्ञान और कौशल के क्षेत्र में हो रहे हैं उनके शिक्षण और प्रशिक्षण की व्यवस्था करना मुक्त विश्वविद्यालय के कार्य हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति से जुड़कर कामकाजी महिलायें, सेवानिवृत्त जिज्ञासु तथा नौकरी कर रहे लोग भी अपने ज्ञान का विकास का सकते हैं। समय की गति को देखते हुये शिक्षार्थी की आवश्यकता के अनुसार शिक्षण सामग्री तैयार कराना दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा क्षेत्र की एक बहुत बड़ी चुनौती है। आज 35 लाख से अधिक विद्यार्थी दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे है जो कि 11 प्रतिशत जनसंख्या कवर कर रहे हैं, लेकिन यह अभी सीमित दायरे में है इसे अभी हमको और अधिक आगे बढ़ाना है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि 21वीं शताब्दी की इस दूसरी दहलीज के अन्तिम शिखर पर खड़ा मानव एक विचित्र संकट को झेल रहा है एक ओर जहां जनसंख्या विस्फोट है वहीं दूसरी ओर संसाधनों की कमी है। एक तरफ लोगों की बढ़ती हुई आकांक्षाएं हैं तो दूसरी ओर उच्च शिक्षा में नामांकन दर मात्र 25.3 प्रतिशत है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 2030 तक इसे 51 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है यह एक बड़ी चुनौती है। वर्तमान परम्परागत विश्वविद्यालय इस लक्ष्य को पूरा नही कर सकते ऐसे में निश्चय ही दूरस्थ व मुक्त शिक्षा निःसन्देह एक सार्थक विकल्प है। प्रो0 सिंह ने कहा कि इतने बड़े प्रदेश के हर जिले और गांव तक अभिगम्यता स्थापित करना हमारे लिये एक चुनौती है। हमें अपनी क्षमता दक्षता और कुशलता के आधार पर सीमित संसाधनों में ही अच्छा कार्य करके दिखाना होगा। हमारा लक्ष्य हर स्थिति में मानव संसाधन का परिपूर्णतम विकास करना है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र और आवश्यकता के अनुसार पाठयक्रम निर्माण परिवर्तन और परिवर्द्धन दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा का एक सकारात्मक पक्ष है जो सतत शिक्षा के क्षेत्र में इसे उपयोगी बनाता है। इससे पूर्व डॉ0 नीता मिश्रा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी के संयोजक प्रो0 पी0के0 पाण्डेय ने किया।

संचालन डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्त ने किया। अन्य तकनीकी सत्रों में प्रो0 एस0पी0 गुप्ता, प्रो0 धनन्जय यादव, प्रो0 पी0पी0 दुबे, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, डॉ0 आर0बी0 सिंह, प्रो0 नागेन्द्र यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

अमर उजाला प्रयागराज युवा Youth
amarujala.com
प्रयागराज | रविवार, 2 जून 2019

ज्ञान प्राप्ति के लिए एकाग्रता जरूरी

मुक्त विश्वविद्यालय में हुए सेमिनार में बोले न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव

राजर्षि टंडन मुक्त विवि में शनिवार को आयोजित सेमिनार में सीडी का लोकार्पण किया गया।

प्रयागराज। ज्ञान प्राप्ति के लिए शिक्षार्थी में एकाग्रता का होना जरूरी है। साथ ही लौकिक शिक्षा के साथ पारलौकिक शिक्षा का समावेश शिक्षा में बहुत जरूरी है। इसी से सर्वांगीण विकास की अवधारणा को पूरा किया जाना संभव है। यह बात न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन पर कही। उन्होंने ई-सोविनियर का विमोचन भी किया।

'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव कहा कि दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी संपर्क कक्षाओं के माध्यम से अपने विषय के ज्ञान में वृद्धि कर सकता है। मुख्य वक्ता विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री शिव कुमार ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में आज शिक्षा किनीकी के विवेकपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए मुक्त विवि के कुलपति प्रो. कामेश्वर ने कहा कि आज के जीवन में सिद्धांत का स्थान स्वार्थ और आदर्श का स्थान अवसर लेते जा रहे हैं। सारस्वत अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि स्कूली शिक्षा की नींव हमारे यहां बहुत कमजोर है और इसे मजबूत बनाने की जरूरत है। संगोष्ठी का संचालन डॉ. मीरा पाल ने किया।

1991-2018 28वर्ष रजत जयंती वर्ष
प्रयागराज, वर्ष 28
अंक 270 रविवार
02 जून, 2019
पृष्ठ 12 ₹4.00
राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र
स्वतंत्र चेतना
उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित
www.swatantrachetnanews.com
गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली, हरिद्वार, वाराणसी, आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित

शिक्षा में पारलौकिक शिक्षा का समावेश जरूरी- न्यायमूर्ति यादव

प्रयागराज। मुविविमें दूरस्थ शिक्षा परराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन आज लौकिक शिक्षा के साथ साथ पारलौकिक शिक्षा का समावेश शिक्षा में बहुत जरूरी है। इसी से सर्वांगीण विकास की अवधारणा को पूरा किया जाना संभव है। ज्ञान प्राप्ति के लिये शिक्षार्थी में एकाग्रता का होना आवश्यक है। उक्त उद्गार न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव ने उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी सम्पर्क कक्षाओं के माध्यम से अपने विषय के ज्ञान में वर्षद्धि कर सकता है। उन्होंने शिक्षा के पाठ्यक्रम में 'ध्यान' को व्यक्तित्व विकास एवं मन की शान्ति के लिए जरूरी बताया। न्यायमूर्ति यादव ने कहा कि अगर अपने को जानना है तो पराविद्या का आश्रय लेना होगा। सर्वांगीण विकास के लिये ज्ञान के साथ-साथ मनुष्य का आध्यात्मिक विकास भी होना चाहिये।

शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में शनिवार को लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर व्याख्यान देते हुये मुख्यवक्ता श्री शिव कुमार, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती, नई दिल्ली ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में जहां शिक्षार्थी का शिक्षक से नियमित सम्पर्क बहुत कम होता है वहां किसी भी प्रकार की बाधा को दूर करने के लिये विशिष्ट शैली में निर्मित पाठ्यसामग्री और परामर्श सत्रों की उपयोगिता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा में आज शिक्षा तकनीकी के विवेकपूर्ण प्रयोग की आवश्यकता है। शिक्षा में नैतिकता और मूल्य चिंतन का समावेश मानव संसाधन विकास के लिये अपरिहार्य है। उन्होने दूरस्थ शिक्षा के चार सुविचारित आयामों विद्यार्थी, विशयवस्तु, पद्धति एवं शिक्षक पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर दिया। उन्होंने भगिनी निवेदिता के शैक्षिक विचारों के आलोक में यह प्रतिपादित किया कि शिक्षा लौकिक व्यवहार और शिष्टाचार भी सिखाती है और परम विमुक्ति की ओर ले जाने का साधन भी बनाती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि आज के जीवन में सिद्धान्त का स्थान स्वार्थ और आदर्श का स्थान अवसर लेते जा रहे हैं ऐसे में शिक्षा का अंतिम उददेश्य शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास करना है जो शिक्षा के सभी आयामों की सम्पूर्णता से ही संभव है। प्रो0 सिंह ने कहा कि भारत प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता वाला देश है। सारस्वत अतिथि प्रो0 कौशल किशोर शर्मा, आचार्य, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली व सदस्य सचिव, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने कहा कि स्कूली शिक्षा की नींव हमारे यहां बहुत कमजोर है जिसे मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। इसे प्राथमिक और माध्यमिक स्तर से ही सही करने की आवश्यकता है। दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा में अनेक संभावनाएं हैं और साथ-2 अनेक चुनौतियां भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वस्तुतः एक अनवरत प्रक्रिया है जो सतत गतिमान रहती है। सतत विकास की अवधारणा अत्यन्त मूल्यवान है। प्रो0 शर्मा ने कहा कि आज भारतवर्ष में हर व्यक्ति का सतत विकास की ओर बढ़ना जरूरी है। इसी से उसका चतुर्मुखी विकास और उसके स्वाभिमान की रक्षा हो सकती है। उन्होंने द्रोणाचार्य और एकलव्य का उदाहरण देते हुये बताया कि भारत में प्राचीन काल से शिक्षा के अनेक ऐसे रूप प्रचलित रहे है जिन्होंने वंचित वर्गों को भी अपने परिपूर्ण विकास के योग्य बनाया है।दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का संचालन डॉ0 मीरा पाल ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रो0 पी0के0 पाण्डेय ने एवं विषय प्रवर्तन आयोजन सचिव डॉ0 दिनेश सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डा.अरूण कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति यादव एवं अन्य अतिथियों ने इस अवसर पर ई-सोविनियर का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रो0 ओम जी गुप्ता, प्रो0 पी0पी0 दुबे, प्रो0 आर0पी0एस0 यादव, प्रो0 जी0एस0 शुक्ल, प्रो0 आशुतोष गुप्त, प्रो0 सुधान्शु त्रिपाठी, डा0 टी0एन0 दुबे, प्रो0 एस0पी0 गुप्ता, प्रो0 धनंजय यादव, डॉ0 आर0बी0 सिंह, डॉ0 रेखा त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। विभिन्न तकनीकी सत्रों में प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

सेमिनार का समापन रविवार को अपरान्ह 3 बजे होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो.वंश गोपाल सिंह, कुलपति, पं.सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, विलासपुर होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह करेंगे।

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

स्वतंत्र चेतना

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित

1991-2018 28वां रजत जयंती वर्ष

प्रयागराज, वर्ष 28 अंक 271 सोमवार 03 जून, 2019 पृष्ठ 12 ₹4.00

www.swatantrachetnanews.com

गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज, रामपुर, नई दिल्ली, हरिद्वार, वाराणसी, आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित

शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो शिक्षण सामग्री- प्रो. बंशगोपाल

प्रयागराज.। शिक्षार्थियों के ज्ञान को व्यावहारिक जीवन की आवश्यकताओं से जोड़े जाने की जरूरत है। इसके लिये सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से साहचर्य वाला पाठ्यक्रम शामिल करने की आवश्यकता है। यह बातें मुख्य अतिथि प्रो. बंशगोपाल सिंह, कुलपति, पं.सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने रविवार को उ.प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विवि, प्रयागराज के तत्वावधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' के समापन अवसर पर कही। उन्होंने आगे कहा कि परम्परागत शिक्षा संस्थानों पर आज बहुत दबाव है। इण्टर के बाद ड्रॉपआउट दर बहुत ज्यादा है, ऐसे शिक्षार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा माध्यम एक बड़ा कार्य कर रहा है। आज जो नये विकास ज्ञान और कौशल के क्षेत्र में हो रहे हैं उनके शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था करना मुक्त विवि के कार्य है। दूरस्थ शिक्षा पद्धति से जुड़कर कामकाजी महिलायें, सेवानिवृत्त जिज्ञासु तथा नौकरी कर रहे लोग भी अपने ज्ञान का विकास कर सकते हैं। आज 35 लाख से अधिक विद्यार्थी दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि 21वीं शताब्दी की इस दूसरी दहलीज के अन्तिम सिरे पर खड़ा मानव एक विचित्र संकट झेल रहा है। एक ओर जहां जनसंख्या विस्फोट है वहीं दूसरी ओर संसाधनों की कमी है। एक तरफ लोगों की बढ़ती हुई आकांक्षाएं हैं तो दूसरी ओर उच्च शिक्षा में नामांकन दर मात्र 25.8 प्रतिशत है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 2030 तक इसे 51 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है, यह एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े प्रदेश के हर जिले और गांव तक अभिगम्यता स्थापित करना हमारे लिये एक चुनौती है। हमें अपनी क्षमता, दक्षता और कुशलता के आधार पर सीमित संसाधनों में ही अच्छा कार्य करके दिखाना होगा। हमारा लक्ष्य हर स्थिति में मानव संसाधन का परिपूर्णतम विकास करना है। इससे पूर्व डॉ. नीता मिश्रा ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत संगोष्ठी के संयोजक प्रो. पीके पाण्डेय ने किया। संचालन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ.अरुण कुमार गुप्त ने किया। अन्य तकनीकी सत्रों में प्रो. एसपी गुप्ता, प्रो. धनंजय यादव, प्रो. पीपी दुबे, प्रो.पीके पाण्डेय, डॉ.आरती सिंह, प्रो.नागेन्द्र यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

अमर उजाला

03-06-2019

न्यूज डायरी

ज्ञान को व्यावहारिक जीवन से जोड़ने की जरूरत

प्रयागराज। शिक्षार्थियों के ज्ञान को व्यावहारिक जीवन की आवश्यकताओं से जोड़ने की जरूरत है। इसके लिए सैद्धांतिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से साहचर्य वाला पाठ्यक्रम शामिल करने की आवश्यकता है। यह बात पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी के समापन पर कही। 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे, चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा से जुड़कर कामकाजी महिलाएं, सेवानिवृत्त लोग और नौकरी करने वाले भी अपने ज्ञान का विकास कर सकते हैं। आज 35 लाख से अधिक विद्यार्थी दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा निश्चित रूप से एक सार्थक विकल्प है। इससे पूर्व डॉ. नीता मिश्रा ने संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्वागत प्रो. पीके पांडेय, संचालन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अरुण कुमार गुप्त ने किया। अन्य तकनीकी सत्रों में प्रो. एसपी गुप्ता, प्रो. धनंजय यादव, प्रो. पीपी दुबे, प्रो. पीके पांडेय, डॉ. आरती सिंह, प्रो. नगेंद्र यादव ने अपने विचार व्यक्त किए।

मुक्त चिंतन News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

04 जून, 2019

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रारम्भ

मा0 कुलपति जी ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून– 2019 की परीक्षायें दिनांक 04 जून, 2019 को प्रदेश के 139 परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुई। 70 हजार परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। आज पहले दिन कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये नहीं पकड़ा गया। परीक्षायें दो पालियों में प्रातः 8 से 11 तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचितपूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में शीतल जल एवं प्रकाश की व्यवस्था की गयी है।

कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने आज विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो0 सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने सी0यू0जी0 मोबाइल से परीक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या झांसी एवं प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अन्य परीक्षा केन्द्रों पर सभी जगह शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षायें प्रारम्भ हुई। केन्द्राध्यक्षों की निगरानी में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाकादलों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। परीक्षायें 20 जुलाई 2019 को समाप्त होंगी।

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी



इस्माइल नेशनल महिला पी.जी. कालेज, मेरठ (परीक्षा केन्द्र '.019) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

बरेली कालेज, बरेली (परीक्षा केन्द्र '.024) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

रमा जैन कन्या महाविद्यालय, बिजनौर (परीक्षा केन्द्र '.1077) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

जे.वी.जैन. कालेज, सहारनपुर (परीक्षा केन्द्र '.039) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

धर्म समाज कालेज, अलीगढ (परीक्षा केन्द्र '.001) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याण देव डिग्री कालेज, मुजफ्फरनगर (परीक्षा केन्द्र '.1044) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

सरस्वती कालेज ऑफ प्रोफेसनल स्टडीज, गाजीयाबाद(परीक्षा केन्द्र '.633) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

मुलतानीमल मोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोदीनगर (परीक्षा केन्द्र '.053) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

झामबाबा महाविद्यालय, अम्बेडकरनगर (परीक्षा केन्द्र '.198) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज, बस्ती (परीक्षा केन्द्र '.025) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

बी. एन. यस. गर्ल्स डिग्री कालेज जनौरा, फैजाबाद, अयोध्या



नेहरू महाविद्यालय, ललितपुर (परीक्षा केन्द्र `.538) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

राम स्वरूप ग्राम उद्योग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कानपुर देहात (परीक्षा केन्द्र `.223) पर परीक्षा देते हुए

श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, लखनऊ (परीक्षा केन्द्र `.263) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महोबा (परीक्षा केन्द्र '.090) पर परीक्षा देते हुए परीक्षार्थी

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें आज से

ललितपुर: राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के समस्त केन्द्रों पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय पनारी, दीपचन्द्र चौधरी महाविद्यालय, सुदर्शन डिग्री कॉलिज बाँसी, पीएन शर्मा महाविद्यालय सैदपुर एवं रानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय बुढ़वार के अभ्यर्थियों की परीक्षा नेहरू महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र पर 4 जून से सुबह 8 से 11 एवं अपराह्न 2 से शाम 5 तक होगी। यह जानकारी देते हुये केन्द्र समन्वयक/प्राचार्य डॉ. अवधेश अग्रवाल ने बताया कि छात्र/छात्रायें वेबसाइड से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने छात्र/छात्राओं से जूता-मौजे, मोबाइल, इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस आदि न लाने की अपील की है।

विविध गतिविधियां

यूपीटीआरओयू की परीक्षाएं आज से

जासं, नोएडा : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीटीआरओयू) की सत्र 2019-20 की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। इसके लिए तीन जगह पर परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विवि की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कविता त्यागी ने बताया कि नोएडा कार्यालय के तहत पांच जिले आते हैं। इनमें से अलीगढ़, मोदीनगर और डासना में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गौतमबुद्ध नगर के शिक्षा केंद्रों में पढ़ने वाले छात्रों का परीक्षा केंद्र डासना के सरस्वती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में बनाया गया है। वहीं, अन्य जिलों के छात्रों के लिए अलीगढ़ के धर्म समाज महाविद्यालय और मोदीनगर के मुल्तानीमल मोदी परास्नातक महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह आठ से 10 बजे तक आयोजित होगी। दूसरी पाली का आयोजन दो से पांच बजे तक किया जाएगा। छात्र विवि की वेबसाइट 222.uprtou.ac.in पर जाकर अपने प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

खास खबरें

यूपीआरटीओयू की परीक्षा आज से

एनबीटी न्यूज, नोएडा : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) की सत्र 2019-20 की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। विवि की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कविता त्यागी ने बताया कि नोएडा कार्यालय के तहत 5 जिले आते हैं। इनमें से अलीगढ़, मोदीनगर और डासना में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। गौतमबुद्ध नगर के शिक्षा केंद्रों में पढ़ने वाले छात्रों का परीक्षा केंद्र डासना के सरस्वती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में बनाया गया है। अन्य जिलों के छात्रों के लिए अलीगढ़ के धर्म समाज महाविद्यालय और मोदीनगर के मुल्तानीमल मोदी परास्नातक महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

यूपीआरटीओयू की परीक्षाएं आज से

नोएडा। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (यूपीआरटीओयू) की सत्र 2019-20 की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। क्षेत्रीय निदेशिका डॉ. कविता त्यागी ने बताया कि विवि के क्षेत्रीय केंद्र नोएडा के अंतर्गत तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एस-20 सेक्टर-39 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एस-1170 सेक्टर-62 प्रेरणा जन संचार और शोध संस्थान, एस-1607 नोएडा, एस-1445 धूम, दादरी, एस-1206 के सभी स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का परीक्षा केंद्र एस-633 सरस्वती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज डासना को बनाया गया है। ब्यूरो

संकेतः आईटीआर भरने की समयसीमा बढ़ेगी पेज 18 | एक लाख में 85 बच्चे नहीं देख पाते पांचवां जन्मदिन पेज 22

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
ईद मुबारक
बुधवार, 05 जून 2019, प्रयागराज
www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान
42.8° अधिकतम 29.0° न्यूनतम सूर्योदय 05:12 सूर्यास्त 06:51
प्रयागराज

मुविवि के कुलपति ने केंद्र का किया निरीक्षण

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं मंगलवार को प्रदेश के 139 परीक्षा केंद्रों में हुई। 70 हजार परीक्षार्थियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षा दी। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने सीयूजी मोबाइल से परीक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या झांसी एवं प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं हुई। 20 जुलाई को परीक्षाएं समाप्त होंगी।

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं शुरू

● कुलपति प्रो. के एन सिंह ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की सत्र जून 2019 की परीक्षाएं मंगलवार को प्रदेश के 139 परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हो गयीं। 70 हजार परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। आज पहले दिन कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये नहीं पकड़ा गया।

परीक्षायें दो पालियों में प्रातः 8 से 11 तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचितापूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में शीतल जल एवं प्रकाश की व्यवस्था की गयी है।

कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने आज विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने सीयूजी मोबाइल से परीक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें। परीक्षा नियंत्रक डा. गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या झांसी एवं प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अन्य परीक्षा केन्द्रों पर सभी जगह शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षायें प्रारम्भ हुई।

केन्द्राध्यक्षों की निगरानी में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाका दलों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। परीक्षाएं 20 जुलाई को समाप्त होंगी।

जनसंदेश टाइम्स
परख सच की
जनसंदेश टाइम्स प्रयागराज, बुधवार, 5 जून, 2019

प्रयागराज

राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षायें प्रारम्भ

प्रयागराज। उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून- 2019 की परीक्षायें मंगलवार को प्रदेश के 139 परीक्षा केन्द्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हुई। 70 हजार परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा दे रहे हैं। आज पहले दिन कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये नहीं पकड़ा गया। परीक्षायें दो पालियों में प्रातः 8 से 11 तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचितपूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में शीतल जल एवं प्रकाश की व्यवस्था की गयी है।

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते कुलपति

कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने आज विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो0 सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने सी0यू0जी0 मोबाइल से परीक्षार्थियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग प्रदान करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, अयोध्या झांसी एवं प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अन्य परीक्षा केन्द्रों पर सभी जगह शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षायें प्रारम्भ हुई। केन्द्राध्यक्षों की निगरानी में पर्यवेक्षकों एवं उड़ाकादलों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। परीक्षायें 20 जुलाई 2019 को समाप्त होंगी।

मुक्त चिंतन News Letter

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

05 जून, 2019



वृक्षारोपण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह

कुलपति ने किया मुक्त विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में वृक्षारोपण

दिनांक 05 जून, 2019 को उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह ने विश्वविद्यालय पविार के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण किया।

कुलपति प्रो0 सिंह ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हमें जल जंगल और जमीन को बचाकर रखना होगा। शहरीकरण की वजह से जंगल समाप्त हो रहे हैं जिससे पर्यावरण की अपार क्षति हो रही है। आज आवश्यकता है कि हर भारतवासी एक वृक्ष जरूर लगाये। पेड बचे रहेंगे तभी मानवीय जीवन की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। वनस्पतियां हमारी धरोहर रही हैं। भारत प्राचीन काल से विविधताओं से भरा रहा है। हमारे यहां जहां नदियों की पूजा होती है वहीं वनों को भी देवतुल्य समझकर पूजा जाता है। उन्होंने परिसर को हरा भरा रखने के लिये इस कार्य में लगे मालियों की सराहना की। कहा कि प्रत्येक कर्मचारी का यह दायित्व बनता है कि वे पेड़ पौधों को सूखने न दें। उन्होंने हरित परिसर के संकल्प को साकार करने का आहवान किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक डॉ0 अभिषेक सिंह ने कुलपति प्रो0 सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह का स्वागत किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ0 सुनीता सिंह डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार सिंह भदौरिया एवं डॉ0 प्रभात चन्द्र मिश्र आदि रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में विश्वविद्यालय पविार के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में विश्वविद्यालय पविार के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह

जनसंदेश टाइम्स
परख सच की
इलाहाबाद, गुरुवार, 6 जून 2019

सौरव ने धोनी को कंप्यूटर से भी तेज बताया - 13

सभी धर्मों का सम्मान करने वाला होता है धार्मिक : नीतीश - 15

वृक्ष रहेंगे तभी मानवीय जीवन की संकल्पना साकार होगी : कुलपति

प्रयागराज। पर्यावरण संरक्षित करने के लिए हमें जल, जंगल और जमीन को बचाकर रखना होगा। शहरीकरण की वजह से जंगल समाप्त हो रहे हैं, जिससे पर्यावरण की अपार क्षति हो रही है। आज आवश्यकता है कि हर भारतवासी एक पौधा जरूर लगायें। पेड़ बचे रहेंगे, तभी मानवीय जीवन की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

यह बातें उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनीता सिंह ने पौधरोपण के उपरान्त कही। उन्होंने कहा कि वनस्पतियां हमारी धरोहर रही है। भारत प्राचीन काल से विविधताओं से भरा रहा है। हमारे यहां जहां नदियों की पूजा होती है वहीं वनों को भी देवतुल्य समझकर पूजा जाता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक डॉ. अभिषेक सिंह ने कुलपति प्रो. सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनीता सिंह का स्वागत किया। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह भदौरिया एवं डॉ. प्रभात चन्द्र मिश्र आदि रहे।

वृक्षारोपण करते कुलपति व उनकी पत्नी

अमर उजाला
प्रयागराज
बृहस्पतिवार, 6 जून 2019

इविवि वीसी प्रो. हांगलू और मुविवि वीसी प्रो. केएन सिंह ने पौधरोपण किया।

शिक्षकों ने लगाए पौधे, लिया संरक्षण का संकल्प

प्रयागराज। पर्यावरण दिवस पर इविवि, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय समेत कई शिक्षण संस्थानों में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

इविवि परिसर में आयोजित पौरोपण कार्यक्रम में कुलपति प्रो. रतन लाल हांगलू ने कहा कि यह पर्यावरण हमारा है और इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। कुलपति आवास में भी नीम और अशोक के कई पौधे लगाए गए। इस मौके पर रजिस्ट्रार प्रो. एनके सिंह, वित्त अधिकारी डॉ. सुनील कांत मिश्र, ऑक्टा अध्यक्ष डॉ. उमेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, इविवि के भूगोल विभाग में संगोष्ठी और पौधरोपण हुआ। इस मौके पर डॉ. प्रदीप कुमार उपाध्याय, डॉ. अजय कुमार शर्मा, हेमंत कुमार सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

वहीं मुविवि में पर्यावरण दिवस पर पौधेरोपण अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो. केएन सिंह ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हमे जल, जंगल और जमीन को बचाकर रखना होगा। इस मौके पर कुलपति की पत्नी डॉ. सुनीता सिंह समेत डॉ. अभिषक सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह भदौरिया, डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे। उधर, कुलभास्कर आश्रम पीजी कालेज में शिक्षक डॉ. आरए अवस्थी के नेतृत्व में पौधरोण हुआ।

आज
महानगर
प्रयागराज, गुरुवार, ६ जून, २०१९

पेड़ बचे रहेंगे तभी मानवीय जीवन की संकल्पना होगी साकार - कुलपति

पर्यावरण संरक्षित करने के लिए हमें जल, जंगल और जमीन को बचाकर रखना होगा। शहरीकरण की वजह से जंगल समाप्त हो रहे हैं, जिससे पर्यावरण की अपार क्षति हो रही है। आज आवश्यकता है कि हर भारतवासी एक वृक्ष जरूर लगाये। पेड़ बचे रहेंगे तभी मानवीय जीवन की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। यह बातें उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डा. सुनीता सिंह ने वृक्षारोपण के उपरान्त कही। उन्होंने कहा कि वनस्पतियां हमारी धरोहर रही हैं। भारत प्राचीन काल से विविधताओं से भरा रहा है। हमारे यहां जहां नदियों की पूजा होती है वहीं वनों को भी देवतुल्य समझकर पूजा जाता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक डा. अभिषेक सिंह ने कुलपति प्रो. सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनीता सिंह का स्वागत किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. सुनीता सिंह डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह भदौरिया एवं डॉ. प्रभात चन्द्र मिश्र आदि रहे।

मुक्त चिंतन

News Letter

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarterly News Bulletin of U.P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ

06 जून, 2019

योजना बोर्ड की 32वीं बैठक

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की योजना बोर्ड की 32वीं बैठक दिनांक 06 जून, 2019 को अपराह्न 12:30 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

